FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी

संकल्प हमारा

पुलिस मुठभेड़ दिनाँक 17-11-2026 थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के कुशल पर्यवेक्षण में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा दिनांक 22.10.2026 को कस्बा टूण्डला में महिला से चेन स्नैचिंग की घटना का सफल अनावरण करते हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान 02 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

- **अभियुक्त दीपक के कब्जे से ₹11,000/- नकद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस एवं 02 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद।**
- **अभियुक्त आसिफ के कब्जे से ₹10,500/- नकद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस 315 बोर तथा घटना में प्रयुक्त 01 एक्टिवा स्कूटी बरामद।**
- **दोनों घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया ...**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा दिनांक 22.10.2026 को कस्बा टूण्डला के श्मशान घाट रोड पर महेश चन्द्र के मकान के पास महिला से चेन झपट्टा मारकर छीनने की घटना के सम्बन्ध में थाना टूण्डला पर मु0अ0सं0 518/2026 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। घटना के सफल अनावरण हेतु 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

इसी क्रम में दिनांक 17.11.2026 को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त घटना से सम्बन्धित 02 अभियुक्त बेदी की पुलिया से राजा का ताल होते हुए टूण्डला की ओर आ रहे हैं तथा पुनः चेन स्नैचिंग की घटना कारित करने की फिराक में हैं। मुखबिर की सूचना पर थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा पुराना बाईपास रोड स्थित गेल गैस प्लांट के पास चेकिंग प्रारम्भ की गई। इसी दौरान स्कूटी सवार 02 संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिये। पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा करने पर दोनों संदिग्ध व्यक्ति स्कूटी मोड़कर भागने लगे, जिससे हड़बड़ाहट में भागते समय स्कूटी फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम को नजदीक आता हुए तथा खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में दोनों संदिग्ध व्यक्तियों के पैर में गोली लगी, जिससे दोनों घायल हो गये। घायल व्यक्तियों की पहचान थाना टूण्डला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 518/2026 धारा 304(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त दीपक पुत्र श्याम प्रजापति एवं आसिफ पुत्र साबिर के रूप में हुई। दोनों अभियुक्तों को उपचार हेतु पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल भिजवाया गया। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-

1. दीपक पुत्र श्याम प्रजापति निवासी जगनेर रोड नरीपुरा थाना शाहगंज जिला आगरा।
2. आसिफ पुत्र साबिर निवासी गली नंबर 1 भीम नगर हरीपुरा थाना शाहगंज जिला आगरा।

बरामदगी का विवरणः-

1. अभियुक्त दीपक के कब्जे से ₹11,000/- नकद (लूटी गई चेन को बेचकर प्राप्त धनराशि में से शेष हिस्सा), 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं 02 खोखा कारतूस 315 बोर।
2. अभियुक्त आसिफ के कब्जे से ₹10,500/- नकद (लूटी गई चेन को बेचकर प्राप्त धनराशि में से शेष हिस्सा), 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर एवं घटना में प्रयुक्त 01 एक्टिवा स्कूटी।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त दीपक ----

1. मु0अ0स0 42/25 धारा 309(6)/317(2) बीएनएस थाना किरावली जनपद आगरा
2. मु0अ0स0 55/25 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना अछनेरा जनपद आगरा
3. मु0अ0स0 61/25 धारा 3/25/28 आर्म्स एक्ट व 109(1)/317(5) बीएनएस व 106/35 बीएनएसएस थाना अछनेरा जनपद आगरा
4. मु0अ0सं0 260/25 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना अछनेरा जनपद आगरा
5. मु0अ0सं0 500/20 धारा 120बी/307 भादवि थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा
6. मु0अ0सं0 637/2020 धारा 120बी /307/506 भादवि थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा
7. मु0अ0सं0 110/25 धारा 303(2)/317(2) थाना जगदीशपुरा जनपद आगरा
8. मु0अ0सं0 518/26 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद
9. मु0अ0सं0- 554/26 धारा- 109(1) पु0मु0 व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद

आपराधिक इतिहास अभियुक्त आसिफ -----

01.मु0अ0सं0 518/26 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद
02.मु0अ0सं0 437/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट व 304(2)/317(2)/317(5) बीएनएस थाना शाहगंज जनपद आगरा
03.मु0अ0सं0- 554/26 धारा- 109(1) पु0मु0 व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

01.प्र0नि0 श्री बैजनाथ सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
02.प्रभारी सर्विलांस सैल मय टीम जिला फिरोजाबाद।
03.उ0नि0 श्री अंकित कुमार चौकी प्रभारी राजा का ताल टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
04.उ0नि0 जतिनपाल सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
05.उ0नि0 श्री हर्षित कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
06.उ0नि0 श्री जमुनादास थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।
07.उ0नि0 विजय कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
08. है0का0 818 कर्मवीर थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
09.का0 187 मोहन सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
10.का0 907 दीपक कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
11.का0 1443 अजय शंकर थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
12.का0 1453 निखिल कुशवाह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।